महंगाई | बढ़ रहे दामों से गरीब परिवारों के लिये गैस खरीदना हो रहा मुश्किल

# कैरोसिन नहीं मिलने से गरीब परेशान




**नवभारत,नरसिंहपुर,गाडरवारा।** वर्तमान हाईटेक दौर में हालांकि शहर के घरों में खाना बनाने के लिए रसोई गैस का इस्तेमाल किया जा रहा है पर शहर की आबादी के बड़े हिस्से में गरीब वर्ग के लोग आज भी कैरोसिन ईंधन पर ही निर्भर है जो खाना बनाने के लिए मिट्टी के तेल का ही उपयोग कर रहे है। क्योंकि रसोई गैस के लगातार बढ़ते हुये दामों के बीच वह हलाकान होने लगे है।

### गैस के भरोसे पूरे घर का खाना बन पाना संभव नहीं है

ज्ञातव्य है कि शहर में मिट्टी के तेल की सर्वाधिक खपत होती है, जिसके चलते नगर के गरीबों का कहना है कि विडम्बना की बात है कि इन दिनों अनेक गरीबों को सरकार की गैस कनेक्शन तो प्रदान किये गये है। मगर उनके भरोसे पूरे घर का खाना बन सके यह संभव नही है। क्योंकि गैस के लगातार बढ़ रहे दामों के बीच गरीब परिवारों के लिये गैस खरीदना मुश्किल होने लगा है। वही दूसरी ओर सरकार द्वारा यह बात कही जा रही है कि लाड़ली बहिनों के लिये मात्र 450 रूपया में गैस प्रदान की जा रही है।

### लकड़ी खरीदना हो रहा मुश्किल

मगर इस लाभ से अनेक परिवार बंचित है। क्योंकि अनेक परिवारों मे गैस कनेक्शन उनके पतियों के नाम होने से लाड़ली बहिनों को इसका लाभ नही मिल पा रहा है। इस स्थिति में जिन लोगों को शासन द्वारा गैस कनेक्शन प्रदान किये गये है उन्हें मिट्टी तेल देना बंद कर लिया गया है और जलाऊ लकड़ी के चल रहे भाव आस मान को छूते हुए दिखाई दे रहे है जो गरीबों द्वारा खरीद पाना मुश्किल जान पड रहा है तथा नगर में कैरोसिन की भी किल्लत है। क्योंकि अनेक गरीबों को शासकीय दुकानों से मिट्टी का तेल नही मिल पा रहा है। इस प्रकार से नागरिक खाद्य आपूर्ति विभाग को कैरोसिन के वितरण में कोताही बरतने का नतीजा है कि गरीबों को जरूरत के हिसाब से मिट्टी का तेल उपलब्ध नहीं हो रहा है।

### वास्तविक हितग्राही वंचित है

सहकारी दुकानों से गरीबो को जहां कैरोसीन नही दिया जा रहा है वह कुछ गरीबों को मात्र चंद लीटर कैरोसिन हर माह वितरित किया जाने लगा है और शहर में अब मिट्टी के तेल की कालाबाजारी भी होने लगी है। शहर के अनेक गरीबो का आरोप है कि वास्ताविक हितग्राही तो मिट्टी के तेल से वंचित है। मगर विडम्बना की बात है कि होटलो, मिठाई की दुकानो के संचालक ब्लेक में कैरोसिन खरीद गरीबो का ईंधन माने जाने वाला मिट्टी का तेल अपनी भट्टियो में फूँक रहे है। शहर के मजदूरो, गरीब परिवारो की गृहणियो ने प्रशासन से मॉग की है कि शहर में मिट्टी के तेल की हो रही कालाबाजारी पर अंकुश लगाने की पहल करें ताकि गरीब अपने घरों में आसानी से दो वक्त चूल्हा जला सके।

## अधूरे कार्य को पूर्ण बताकर एनओसी प्रदान कर दी

**नवभारत,गोटेगांव।** ग्राम पंचायत देवरीकला के परिसर में जहां शासकीय प्राथमिक शाला लगती है। वहीं आंगनबाड़ी केन्द्र में नौनिहाल बच्चे पहुंचते हैं। ऐसे स्थल पर जो शासकीय हैडपंप लगाया गया था। लेकिन उसकी हालत बदहाल हो चुकी है। उसका चेंबर नीचे दब चुका है। जिसके कारण हैंडपंप का बंद हो जाने से उसका उपयोग नहीं हो रहा है। वहीं गांव में जो नल जल योजना शुरू की गई है। वह सीधे नल के जरिए हो रही है। गांव के लोगों ने बताया कि जहां पर नलजल योजना के तहत आगनबाड़ी भवन देवरीकला में लगा हैंडपंप अनुपयोगी हो गया है पाइप लाइन बिछा कर घर-घर लाइन जोड़ कर घर के सामने लाकर कनेक्शन करने के लिए सिर्फ पाइप छोड़ दिए गए हैं।इस मामले में ग्रामीणों का कहना है कि यदि पानी का उपयोग नहीं करना है या जितने पानी का उपयोग हो गया है। उसके बाद भी नलकूप सप्लाई से घर-घर पानी पहुंचता है तो रहवासी उनको बंद नहीं कर पाते है और वह पानी व्यर्थ की बहता रहता है। गांव के लोगों ने मांग की है कि घर-घर कनेक्शन करने का कार्य सिर्फ किया गया है, वहां पर किसी प्रकार के नल नहीं लगाए गए है, ताकि सप्लाई होने वाले पानी का उपयोग करने के बाद उस नल को बंद किया जा सके।

# प्रतिबंधित मछली एवं दो पिकअप वाहन जब्त



**नवभारत,नरसिंहपुर।** विगत रात्रि थाना स्टेशनगंज पुलिस टीम भ्रमण पर थी। इसी दौरान सिंहपुर तिराहा, छिंदवाड़ा रोड पर संदेह के आधार पर दो वाहनों को रोककर उनकी तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान वाहनों में भारी मात्रा में मछली भरी हुई पाई गई। मछलियों के संबंध में जानकारी प्राप्त करने हेतु मत्स्य विभाग के अधिकारियों को मौके पर बुलाया गया, जिनके द्वारा परीक्षण उपरांत उक्त मछलियों को प्रतिबंधित (थाईलैंड) प्रजाति की मागुर मछली होना बताया गया। नियमों के उल्लंघन पाए जाने पर प्रतिबंधित मागुर मछली को जप्त कर संबंधित व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया है तथा उनके विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की गयी है। आरोपीगण द्वारा प्रतिबंधित प्रजाति की मागुर मछली का परिवहन किया जा रहा था, जो कि नियमों का उल्लंघन है एवं जैव-विविधता एवं पर्यावरण के लिए गंभीर खतरा है। गिरफ्तार आरोपी 1 सतीश गौर निवासी नागपुर महाराष्ट्र। गिरफ्तार आरोपी सतीश परिहार निवासी नागपुर महाराष्ट्र। जप्ती लगभग 3 टन प्रतिबंधित प्रजाति की मागुर मछली एवं दो पिकअप वाहन। वैधानिक कार्यवाही धारा 5 फिशरीज एक्ट एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध। उक्त जप्तशुदा मछली को मत्स्य विभाग के सुपुर्द कर दिया गया है।

# खबर का हुआ असर, प्रशासन ने तत्काल कराया सुधार कार्य

**नवभारत,गोटेगांव।** नगर के रूद्र वार्ड में नर्मदा जल आपूर्ति की पाइप लाइन फूटने से प्रतिदिन हजारों लीटर पेयजल सड़कों पर बह रहा था। नव भारत द्वारा उठाए मुद्दे का असर आखिरकार देखने को मिला। खबर प्रसारित होने के बाद तत्काल नगर परिषद व जल विभाग की टीम मौके पर पहुँची और क्षतिग्रस्त पाइप लाइन की मरम्मत कर जलस्तर को नियंत्रित किया। घटना बुधवार सुबह की है, जब नगर के रूद्र वार्ड के मार्ग पर अचानक नर्मदा जलापूर्ति लाइन से पानी का रिसाव होने लगा। तेज दवाब के कारण पानी सड़क पर तेजी से बहने लगा, जिससे आसपास के दुकानदारों व राहगीरों को भारी परेशानी झेलनी पड़ी। सड़क पर पानी जमा होने से आवाजाही बाधित हो गई थी। स्थानीय लोगों ने नव भारत प्रतिनिधि से बताया कि यह समस्या लगभग एक सप्ताह से बनी हुई थी, पर समाधान नहीं हुआ। वहीं अगले दिन नव भारत समाचार पत्र द्वारा समाचार प्रकाशित होते ही प्रशासन तत्काल हरकत में आया और मरम्मत दल तुरंत मौके पर तैनात किया गया। पाइप लाइन बदलने और लीकेज रोकने का कार्य लगभग 3 घंटे तक चला, जिसके बाद जल आपूर्ति सामान्य की गई। नगरवासियों ने इस त्वरित कार्रवाई के लिए यश भारत परिवार एवं प्रशासन का आभार व्यक्त किया, साथ ही यह भी कहा कि यदि समस्याओं का समय पर निराकरण हो जाए तो पानी जैसी बहुमूल्य संसाधन की बर्बादी रोकी जा सकती है। इस सुधार कार्य ने एक बार फिर सिद्ध कर दिया।



# लुढ़क रहा पारा, बढ़ रही सर्दी अलाव जलाने उठ रही मांग

**नवभारत,गोटेगांव।** बीते कुछ दिनों से बढ़ रही सर्दी से लुढ़क रहा पारा और नगर में लगातार बढ़ रही ठंड के कारण जनजीवन प्रभावित हो रहा है। सुबह और रात के समय तापमान में भारी गिरावट दर्ज की जा रही है, जिससे विशेष रूप से बुजुर्ग, बच्चे और गरीब तबके के लोग अधिक परेशान हैं।

ठंड से बचने के लिए लोग जगह-जगह आग जलाकर खुद को गर्म रखने की कोशिश कर रहे हैं। स्थानीय निवासियों ने गोटेगांव नगर पालिका से सार्वजनिक स्थानों पर अलाव जलाने की मांग की है। लोगों का कहना है कि बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, बाजार, फुआरा चौक और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर अलाव की व्यवस्था न होने से राहगीरों और जरूरतमंदों को ठंड से बचने में कठिनाई हो रही है।

# 1.2 लाख रुपये का गांजा जब्त, एक गिरफ्तार



**नवभारत,नरसिंहपुर।** पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अपने विशेष अभियान ऑपरेशन ईगल क्लॉ के तहत एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने थाना सांईखेडा क्षेत्र में प्रभावी कार्यवाही करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है और उसके कब्जे से 11 किलोग्राम से अधिक अवैध गांजा जब्त किया गया है, जिसकी अंतर्राष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत 1.2 लाख रुपये है।

पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीना के कड़े निर्देश पर जिले में मादक पदार्थों की सप्लाई चेन को तोड़ने के लिए यह अभियान लगातार चलाया जा रहा है। इसी क्रम में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप भूरिया के मार्गदर्शन और एसडीओपी गाडरवारा श्री रत्नेश मिश्रा के नेतृत्व में विगत दिवस यह महत्वपूर्ण कार्यवाही की गई। थाना सांईखेडा पुलिस को बसेड़िया पेट्रोल पंप के आगे, खाली टपरा के सामने झिकौली रोड पर मादक पदार्थ की तस्करी होने की गुप्त सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी निरीक्षक रोहित काकोडिया और उनकी टीम ने तुरंत सक्रियता दिखाते हुए मौके पर घेराबंदी की। घेराबंदी के दौरान पुलिस ने आशीष उर्फ गोलू कहार निवासी रेता मौहल्ला सालीचौका, जिला नरसिंहपुर को धर दबोचा। तलाशी लेने पर, उसके कब्जे से 11 किलो 138 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया। पुलिस के अनुसार, इस गांजे की तस्करी के संबंध में आगे की जाँच की जा रही है ताकि इसके स्त्रोत और सप्लाई चेन में शामिल अन्य लोगों का पता लगाया जा सके। गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा 8, 20 (बी) के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया है। नरसिंहपुर पुलिस ने इस कार्यवाही के बाद आमजन से पुन अपील की है। पुलिस का कहना है कि उनकी प्राथमिकता युवा पीढ़ी को नशे के चंगुल से बचाना है। पुलिस ने नागरिकों से आग्रह किया है कि यदि उन्हें मादक पदार्थों की अवैध गतिविधियों के बारे में कोई भी जानकारी मिलती है, तो वे तुरंत निकटतम थाना या पुलिस कंट्रोल रूम को सूचित करें। पुलिस ने विश्वास दिलाया है कि सूचना देने वाले की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी।



# भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि को समरसता दिवस के रूप मनाया

**नवभारत,गोटेगांव।** विगत दिवस समरसता ही राष्ट्र की शक्ति है। संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर जी की पुण्यतिथि को परिषद ने समरसता दिवस के रूप में मनाया। ABVP, इकाई गोटेगांव द्वारा सेंट जोसेफ स्कूल और इंदिरा कन्या शाला में एक विशेष संगोष्ठी का सफल आयोजन किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य छात्रों को बाबासाहेब के अतुलनीय जीवन, संघर्ष और संवैधानिक योगदान से परिचित कराना था। युवा शक्ति को बाबासाहेब के विचारों से प्रेरणा मिली कि शिक्षा और संगठन ही सामाजिक बदलाव के वाहक हैं। इस प्रेरक कार्यक्रम में परिषद के नेतृत्व ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

## एक नजर में



### शिक्षक के निधन पर दी श्रद्धांजलि

**नवभारत,तेंदूखेड़ा।** रविवार को राज्य शिक्षक संघ की तहसील इकाई तेंदूखेड़ा द्वारा शुक्रवार को एक सड़क दुर्घटना में बिल्थारी के प्रभारी प्राचार्य भुजबल चौधरी के असमय निधन एवं डोभी के प्रतिष्ठित पत्रकार जनपद सदस्य सूर्यकांत दिवगैंया के असमय दुखद निधन पर बड़ी संख्या में उपस्थित शिक्षकों ने अपनी अपनी शोक संवेदनाएं व्यक्त करते हुए श्रंद्धाजलि अर्पित की गई। साथ ही भुजबल चौधरी की धर्मपत्नी भी गंभीर रूप से घायल हैं जिनका जबलपुर में इलाज चल रहा है। उन्हें शीघ्र स्वस्थ होने की कामना ईश्वर से की गई।

### शहनाईयां थमीं, दो माह बाद फिर शुरू होंगे विवाह

**नवभारत,तेंदूखेड़ा।** शुक्र के अस्त होने के कारण इस वर्ष विवाह आदि मांगलिक कार्यों के लिए महत्वपूर्ण माने जाने वाले माघ मास में विवाह कार्य के लिए शुभ मुहूर्त नहीं रहेंगे।इस वर्ष 11 दिसम्बर को शुक्र का अस्त हो जायेगा।अस्त होने के तीन दिन पूर्व वार्धक्य दोष आरंभ हो जाता है। 6 दिसम्बर को इस वर्ष विवाह की अंतिम लग्न थी। हमारे क्षेत्र के विद्वान पौरोहित्य कर्मकांड स्नातक आचार्य चतुष्टय पं प्रमोद पचौरी ने बताया कि इसके बाद लगभग 52 दिनों की अवधि के बाद माघ शुक्ल पक्ष पूर्णिमा दिनांक 1 फरवरी 2026 को शुक्र का उदय होगा। उदय होने से तीन दिन तक शुक्र का बालत्व दोष रहेगा, और फाल्गुन कृष्ण पक्ष तृतीया दिनांक 4 फरवरी 2026 से विवाह आदि मांगलिक कार्य पुन: प्रारंभ होंगे।

### कल्याणपुर में मेधावी विद्यार्थी सम्मान एवं कैरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम आयोजित

**नवभारत,गाडरवारा।** गत दिवस ग्राम कल्याणपुर के शासकीय उ मा विद्यालय में कैरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मां विजयासन इंस्टिट्यूट गाडरवारा के संचालक एवं क्षेत्र के वरिष्ठ समाजसेवी मुकेश बसेड़िया ने अतिथि व्याख्यान में छात्र-छात्राओं को मार्गदर्शित कर सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि छात्र छात्राये देश का भविष्य है अत: अनुशासित जीवन से उच्च शिक्षा एवं इच्छित लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। हम सभी के माता-पिता एवं गुरु हमसे ज्यादा समझदार एवं अनुभवी है अत: उनकी बात हमको सदैव मानना चाहिए। माता-पिता एवं वृद्ध जनों की सेवा हमको बड़े होकर करना है एवं समाज से जो प्राप्त किया है तो समाज के लिए भी कुछ करना है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रधर्म, राष्ट्रनिर्माण, राष्ट्रप्रेम की भावना सभी में जागृत होना चाहिए। इस अवसर परश्री बसेड़िया ने मेधावी छात्र छात्राओं कुमारी खुशी शर्मा, शैली कौरव, योगिता मेहरा एवं दिव्यांग छात्र अंशुल नामदेव सहित लगभग 30 छात्र छात्राओं को मेडल ,ट्राफी तथा स्टेशनरी देकर सम्मानित किया। उन्होंने स्कूल प्रबंधन को भारत व मध्यप्रदेश के मानचित्र भी भेंट किये। उल्लेखनीय है इस मौके पर शाला प्राचार्य ओमप्रकाश कौरव ने पुष्पगुच्छ देकर समाजसेवी श्री बसेड़िया का स्वागत किया।

## मंत्री उदय प्रताप सिंह का दौरा कार्यक्रम

**नवभारत,गाडरवारा।** मध्य प्रदेश शासन के परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने शुक्रवार को गाडरवारा क्षेत्र का मैराथन दौरा किया, जहां उन्होंने जनसंपर्क, विकास कार्यों की समीक्षा, संगठनात्मक बैठकों और शोक संवेदना व्यक्त करने जैसे महत्वपूर्ण कार्यों में हिस्सा लिया। सेवा सदन में जनसुनवाई, अधिकारियों को तत्काल निराकरण के निर्देश, अपने दौरे की शुरुआत में कैबिनेट मंत्री उदय प्रताप सिंह ने स्थानीय सेवा सदन में आमजनों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों की व्यक्तिगत और सामूहिक समस्याओं को गंभीरता से सुना। उन्होंने मौके पर ही संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए, ताकि समस्याओं का त्वरित और प्रभावी निराकरण सुनिश्चित किया जा सके। मंत्री ने क्षेत्र के चल रहे विकास कार्यों की भी समीक्षा की।



# राज्य शिक्षक संघ की तहसील एवं ब्लाक इकाई ने सौंपा ज्ञापन

**नवभारत,तेंदूखेड़ा।** विगत दिवस राज्य शिक्षा सेवा में नियुक्त शिक्षक संवर्गों की विभिन्न समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री के नाम संबोधित एक ज्ञापन तेंदूखेड़ा तहसीलदार एवं विकास खंड मुख्यालय पर जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी चांवरपाठा को सौंपा गया है ।

जिसमें बड़ी संख्या में शिक्षक शिक्षिकायें उपस्थित थे। सौंपें गये ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि राज्य शिक्षा सेवा में अध्यापक संवर्ग की नियुक्ति एक जुलाई 2018 से की गई है । उस दिन के बाद से आज तक अध्यापक संवर्ग से नियुक्त शिक्षकों की वरिष्ठता तिथि को लेकर असमंजस की स्थिति बरकरार है ।नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता न मिलने के कारण अनेक लाभों से वंचित होना पड़ रहा है। अध्यापक संवर्ग को नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता का लाभ दिया जाए । मध्यप्रदेश के सरकारी विद्यालयों के शिक्षक नियमित रूप से विद्यालय जाकर निष्ठापूर्ण कार्य किया करते हैं। जिसके परिणामस्वरूप ही प्रदेश की प्रावीण्य सूची में शासकीय विदयालयों के बच्चे प्रदेश और जिले में स्थान बनाते हैं।

# एड्स की जानकारी ही एड्स का बचाव है




**नवभारत,गोटेगांव।** विगत दिवस शासकीय सी एम राइस विद्यालय में प्राचार्य एस के सिसोदिया के मार्गदर्शन में प्रथम सत्र में एचआईवी एड्स के बचाव हेतु शासकीय अस्पताल गोटेगांव से उमंग काउंसलर ज्योत्सना श्रीवास्तव द्वारा विभिन्न जानकारियां प्रदान की गई । एड्स होने की संभावित कारणों तथा सुरक्षा हेतु उपाय बताए गए । द्वितीय सत्र में विद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी संजीव नाहर द्वारा बोर्ड परीक्षा के विद्यार्थियों को परीक्षा के समय कैसे पढ़ाई करना चाहिए , विभिन्न विषयों को याद करने के तरीके तथा उत्तर पुस्तिका मेंअच्छे अंक प्राप्त करने के लिए बताया कि टाइम टेबल बनाकर पढ़ें हर विषय को बराबर समय दें । बीच-बीच में 10ङ्क15 मिनट का ब्रेक रखें। जिस विषय में कमजोर हैं, उसे सुबह ताज़े मन से पढ़ें। आसान विषय को बाद में पढ़ने से पढ़ाई हल्की लगती है। बार-बार रिवीजन करें। लिखकर अभ्यास करे ,खुद को टेस्ट करें हर अध्याय के बाद, 5ङ्क10 प्रश्न हल करें। मॉडल पेपर हल करें ।समय देखकर लिखने की आदत डालें। इससे आत्मविश्वास बढ़ता है। नोट्स बनाकर पढ़ें । परिभाषाएँ, मुख्य बिंदु, फ़ॉर्मूले, तिथि, स्थान, नाम इनसे याद करना आसान होता है। मोबाइल से दूरी बनाएं परीक्षा के समय गेम, सोशल मीडिया,देर रात मोबाइल चलाना आदि इनसे ध्यान भटकता है और समय बर्बाद होता है ।स्वस्थ रहें, अच्छा पौष्टिक भोजन करें। पर्याप्त नींद लें हल्की वॉक करें ।तनाव से दूर रहें ताकि मस्तिष्क ताजगी से काम कर सके। सकारात्मक सोच रखें हमेशा कहें मैं कर सकता/ सकती हूँ। आत्मविश्वास पढ़ाई का आधा काम आसान कर देता है। शिक्षक प्रीतम पटेल ने छोटे छोटे प्रश्नों को याद करने हेतु प्रेरित किया ।एन सी सी अधिकारी मनोज कुमार जैन द्वारा नोट्स बनाकर सुबह जल्दी उठकर याद करने हेतु बताया। शिक्षक सुरेंद्र कुमार साहू ने पिछले तीन वर्ष के प्रश्न पत्रों को हल करने पर जोर दिया । विद्यार्थियों ने अपने प्रश्न पूछकर विशेषज्ञों से समाधान प्राप्त किया । अंत में आभार प्रदर्शन संजीव नाहर द्वारा किया गया।

करेली में तीन दिवसीय गणगौर उत्सव का भव्य एवं सफल आयोजन

# शक्ति आराधना व लोक कलाओं का भव्य प्रदर्शन



**नवभारत,करेली।** मध्य प्रदेश शासन संस्कृति विभाग अंतर्गत संचालित जनजाति लोक कला एवं बोली विकास अकादमी, भोपाल द्वारा जिला प्रशासन नरसिंहपुर के सहयोग से 3 से 5 दिसंबर 2025 तक हरि विष्णु कामथ स्टेडियम, करेली में तीन दिवसीय गणगौर उत्सव का भव्य एवं सफल आयोजन किया गया। यह उत्सव शिवङ्कपार्वती के लोक रूपों पर आधारित गणगौर की पारंपरिक लोक परंपरा, शक्ति आराधना और विविध लोक कलाओं की सुंदर प्रस्तुतियों से परिपूर्ण रहा।

उत्सव के दौरान प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से आए कलाकारों ने अपनी-अपनी विशिष्ट लोक विधाओं के माध्यम से गणगौर, शिव-पार्वती आराधना और जनजातीय लोकङ्कसंस्कृति की समृद्ध परंपराओं को मंच पर जीवंत किया। मुख्य प्रस्तुतियाँ एवं कलाकार भक्ति गायन- सुमित दुबे, ममता मिश्रा, रुपाली कुसुमकर एवं साथी गण दल ने अपनी मधुर भक्ति प्रस्तुतियों से कार्यक्रम का सांस्कृतिक वातावरण आध्यात्मिक रंगों से भर दिया। गणगौर नृत्य -अनुजा जोशी, संजय महाजन एवं साथी द्वारा प्रस्तुत पारंपरिक गणगौर नृत्य सबसे बड़ा आकर्षण रहा, जिसमें शिवङ्कपार्वती के लोक रूपों की एकाग्र एवं मनोहारी अभिव्यक्ति देखने मिली। गरबा नृत्य- उदय सेवक एवं साथी ने गरबा नृत्य की ऊर्जा और गरिमामयी तालों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। गुदुमबाजा नृत्य - अशोक कुमार मार्को एवं साथी की गुदुमबाजा प्रस्तुति ने जनजातीय वाद्यों की लय और उत्साह का अनोखा प्रदर्शन किया। काठी नृत्य - अशोक मौर्य एवं साथी द्वारा प्रस्तुत काठी नृत्य ने अपनी तीव्र गति और पारंपरिक शैलियों से खूब तालियाँ बटोरीं। नाट्य प्रस्तुतियाँ - हर हर महादेव नृत्यङ्कनाटिका निर्देशक संघमित्रा तायबाड़े , सती लीला नाट्य प्रस्तुति ङ्क निर्देशक- शालिनी खरे , महादेव लीला नाट्य प्रस्तुति (पुनर्संयोजन) ङ्क हर्षवर्धन सिंह ,रंग प्रवर्तन सांस्कृतिक समिति रुंगवा की प्रस्तुति।

### कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य

तीन दिवसीय इस आयोजन में दर्शकों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही, जिन्होंने कलाकारों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए पूरे उत्सव को एक यादगार सांस्कृतिक अनुभव बना दिया। जनजाति लोक कला एवं बोली विकास अकादमी और जिला प्रशासन के संयुक्त प्रयास से आयोजित यह उत्सव लोक संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्रदेश की विविध जनजातीय और ग्रामीण लोक परंपराओं का संरक्षण, संवर्धन एवं प्रचार-प्रसार करना रहा, जिसमें अकादमी और जिला प्रशासन का संयुक्त प्रयास सफल और प्रभावी साबित हुआ।




# हीरा ज्वेलर्स द्वारा ग्राहकों के लिये किये गए उपहार ड्रा योजना की प्रशंसा

**नवभारत,गाडरवारा।** हीरा ज्वेलर्स गाडरवाड़ा प्रा. लि. द्वारा आयोजित बंपर महा ड्रॉ 7 दिसंबर को होटल हीरा पार्क में खोला गया । बंपर महा ड्रॉ के मौके पर आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुनीता पटेल, पूर्व विधायक दीनदयाल ढिमोले, नरेश पाठक, उद्योगपति विनीत महेश्वरी, सुभाष जैन, नया सराफा एसोसिएशन के अध्यक्ष नारायण सोनी ने हीरा ज्वेलर्स द्वारा ग्राहकों के लिये किये गए उपहार ड्रा योजना की प्रशंसा की और उन्होंने कहा कि पूरे महाकौशल क्षेत्र में हीरा ज्वेलर्स ने ख्याति अर्जित की है उनकी विश्वसनीयता का परिणाम है कि आज जिनेश जैन सजल जैन। हीरा ज्वेलर्स ने एक अलग ही मुकाम हासिल किया है । स्वागत भाषण में हीरा ज्वेलर्स के संचालक जिनेश जैन ने बताया कि ग्राहकों की संतुष्टि ही हमारी सफलता का परिणाम है ।ग्राहकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए हम एक ओर नए शोरूम का नगर जल्द शुभारंभ करने वाले है । महा बम्पर ड्रा का कूपन एक छोटी सी बच्ची से निकलवाया गया । इस ड्रा में मुख्य पुरस्कार किसना डायमंड द्वारा 1 कार का बंपर इनाम समक्ष मालवीय साहावन साले चोका को मिला।